| रोल नं. Roll No. | | | | | | | | | मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 7 No. of printed pages : 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

**034** **234 (HRJ)**

# 2026

# सामाजिक विज्ञान

# SOCIAL SCIENCE

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 80

**Time : 3 Hours ]** **[ Max. Marks : 80**

**निर्देश :**
**Directions :**

(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 24 प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।
There are in all 24 questions in this question paper. **All** questions are **compulsory**.

(ii) प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।
Marks alloted to the questions are mentioned against them.

(iii) प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा समुचित उत्तर दीजिए।
Read each question carefully and answer to the point.

(iv) प्रश्न संख्या 1 तथा 2 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के प्रत्येक खण्ड के उत्तर में चार विकल्प दिये गए हैं। सही विकल्प अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए। प्रश्न संख्या 3 से 6 तक निश्चित उत्तरीय प्रश्न हैं।
Question No. 1 and 2 are multiple choice questions. Four options are given in answer of each part of these questions. Write correct option in your answer book. Question No. 3 to 6 are definite answer type questions.

(v) प्रश्न संख्या 7 से 16 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक का उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए।
Question No. 7 to 16 are short answer type questions, to be answered in about 80 words each.

(vi) प्रश्न संख्या 17 से 22 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक का उत्तर लगभग 120 शब्दों में दीजिए। प्रश्न संख्या 23 केस/स्रोत आधारित प्रश्न है।
Question No. 17 to 22 are long answer type questions, to be answered in about 120 words each. Question No.23 is case/source based question.

(vii) प्रश्न संख्या 24 मानचित्र से सम्बन्धित है। मानचित्र को अपनी उत्तर-पुस्तिका के भीतर संलग्न कीजिए।
Question No. 24 is Map related question. Attach the map inside your answer book.

(viii) इस प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है तथापि कतिपय प्रश्नों में आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का ही उत्तर दीजिए।
There is no overall choice in this question paper, however, an internal choice has been provided in few questions. Attempt only one of the given choices in such questions.

1. (क) ऑटो वॉन बिस्मार्क का संबंध किस देश से था? 1

(i) इटली (ii) जर्मनी

(iii) आस्ट्रिया (iv) हंगरी

Otto Von Bismarck was associated with which country?

(i) Italy (ii) Germany

(iii) Austria (iv) Hungary

(ख) 'वन्दे मातरम्' गीत के लेखक कौन थे? 1

(i) महात्मा गाँधी

(ii) रबीन्द्रनाथ टैगोर

(iii) बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय

(iv) मुंशी प्रेमचन्द

Who was the author of song 'Vande Mataram'?

(i) Mahatma Gandhi

(ii) Rabindranath Tagore

(iii) Bankim Chandra Chattopadhyay

(iv) Munshi Premchand

(ग) गुमाश्ता कौन थे? 1

(i) भारतीय बुनकर (ii) विदेशी व्यापारी

(iii) शिल्पकार (iv) कम्पनी के एजेण्ट

Who were the Gomastha?

(i) Indian Weavers (ii) Foreign Traders

(iii) Craftsmen (iv) Company's agents

(घ) 'पिच्चानवे स्थापनाएँ' किसने लिखी? 1

(i) रश्किन बाँड (ii) मार्टिन लूथर

(iii) योहान गुटेन्बर्ग (iv) विलियम शेक्सपीयर

Who wrote the 'Ninety Five Theses'?

(i) Ruskin Bond (ii) Martin Luther

(iii) Johann Gutenberg (iv) William Shakespeare

(ङ) किस मृदा को 'रेगर' मृदा भी कहा जाता है- 1

(i) जलोढ़ मृदा (ii) लेटराइट मृदा

(iii) काली मृदा (iv) मरुस्थलीय मृदा

Which soil is also called as 'regur' soil-

(i) Alluvial soil (ii) Laterite soil

(iii) Black soil (iv) Arid soil

(च) निम्न में से किस राज्य में स्थायी वनों के अंतर्गत सर्वाधिक क्षेत्र है- 1

(i) मध्य प्रदेश (ii) महाराष्ट्र

(iii) उत्तराखण्ड (iv) केरल

Which of the following state has the largest area under permanent forests-

(i) Madhya Pradesh (ii) Maharashtra

(iii) Uttarakhand (iv) Kerala

(छ) निम्न में से कौन सा उद्योग सिलिका और जिप्सम को कच्चे माल के रूप में प्रयोग करता है? 1

(i) सीमेंट (ii) स्टील

(iii) पटसन (iv) एल्युमिनियम

Which one of the following industries uses silica and gypsum as a raw materials?

(i) Cement (ii) Steel

(iii) Jute (iv) Aluminium

(ज) इनमें से कौन सी रबी की फसल है? 1

(i) चावल (ii) चना

(iii) मोटे अनाज (iv) कपास

Which one of the following is a Rabi crop?

(i) Rice (ii) Gram

(iii) Milletes (iv) Cotton

(झ) भारत में वर्तमान में महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था है- 1

(i) लोकसभा में (ii) राज्य विधानसभा में

(iii) मंत्रिमण्डल में (iv) पंचायती राज संस्थाओं में

In India, at present seats are reserved for women in-

(i) Lok Sabha (ii) State Legislative Assembly

(iii) Cabinet (iv) Panchayati Raj Bodies

(ञ) इनमें से कौन नेशनल पीपुल्स पार्टी के संस्थापक थे? 1

(i) जवाहरलाल नेहरू (ii) पी.ए. संगमा

(iii) बी.आर. अंबेडकर (iv) ज्योति बा फुले

Who among the following was the founder of National People's Party?

(i) Jawaharlal Nehru (ii) P.A. Sangma

(iii) B.R. Ambedkar (iv) Jyoti Ba Phule

2. **निर्देश :** नीचे दिये गये दो प्रश्न खण्डों में दो कथनों को **अभिकथन (A)** तथा **कारण (R)** के रूप में चिन्हित किया गया है। निम्नलिखित विकल्पों (i), (ii), (iii) तथा (iv) में से चुनकर इनका सही उत्तर दीजिये। 1×2=2

**Direction:** In following two parts of question, there are two statements labelled as **Assertion (A)** and **Reason (R)**. From the following options (i), (ii), (iii) and (iv), select their correct answer.

(i) A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।
Both A and R are correct and R is the correct explanation of A.

(ii) A तथा R दोनों सही हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।
Both A and R are correct but R is not the correct explanation of A.

(iii) A सही है परन्तु R गलत है।
A is correct but R is incorrect.

(iv) A तथा R दोनों गलत हैं।
Both A and R are incorrect.

(क) **अभिकथन (A) :** भारत में केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों के पास अपने-अपने अधिकार क्षेत्र हैं।
**कारण (R) :** संघवाद में शक्तियों को केन्द्र और राज्यों के बीच विभाजित किया जाता है, जिसमें प्रत्येक स्तर की अपनी जिम्मेदारी होती है।
**Assertion (A)** : In India, the central government and state governments have their own Jurisdiction.
**Reason (R)** : In federalism, powers are divided between the center and the states with each level having its own responsibilities.

(ख) **अभिकथन (A) :** लोकतंत्र में सरकारें लोगों के प्रति उत्तरदायी और जवाबदेह होती हैं।
**कारण (R) :** लोग अपने प्रतिनिधियों को चुनाव के माध्यम से चुनते हैं और यदि वे काम नहीं करते हैं तो लोग उन्हें अगले चुनाव में नहीं चुन सकते हैं।
**Assertion (A) :** In a democracy, governments are responsible and accountable to the people.
**Reason (R) :** People elect their representatives through elections and if they do not work properly then people may not elect them in the next election.

3. एच.डी.आई. (H.D.I.) का पूर्ण रूप लिखिए। 1
Write the full form of H.D.I.

4. ऋण के दो औपचारिक स्रोतों के नाम लिखिए। 1
Write the name of two formal sources of loans.

5. उत्तरकाशी के सिलक्यारा में किस प्रकार की आपदा घटित हुयी थी? 1
Which type of disaster occurred in Silkyara of Uttarkashi?

6. आपदा के समय प्रयोग किये जाने वाले एक वैकल्पिक संचार माध्यम का नाम लिखिए। 1
Name one alternative means of communication used during disasters.

7. प्रथम विश्व युद्ध के समय भारत का औद्योगिक उत्पादन क्यों बढ़ा? 3
Why did Industrial production in India increase during the First World War?

8. मुद्रण संस्कृति ने भारतीय महिलाओं को कैसे प्रभावित किया? 3
How did print culture affect Indian Women?

9. कृषि उत्पादन में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा किये गये उपाय सुझाइए। 3
Suggest the initiative taken by the government to ensure the increase in agricultural production.

10. राजस्थान के अर्द्धशुष्क और शुष्क क्षेत्रों में निर्मित 'टाँका' की उपयोगिता पर प्रकाश डालिए। 3
Throw light on the usefulness of 'Tankas' built in semi-arid and arid regions of Rajasthan.

11. किसी भी राजनीतिक दल के क्या गुण होते हैं? 3
What are the characteristics of a political party?

12. लोकतंत्र नागरिकों की गरिमा को कैसे बढ़ाता है? समझाइये। 3
How does democracy enhance the dignity of Citizens? Explain.

13. संगठित और असंगठित क्षेत्रकों के बीच आप विभेद कैसे करेंगे? अपने शब्दों में व्याख्या करिये। 3
How would you distinguish between organised and unorganised sectors? Explain in your own words.

14. यदि किसानों को सिंचाई और विपणन सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाती है तो रोजगार और आय में वृद्धि कैसे होगी? स्पष्ट कीजिए। 3
How would income and employment increase if farmers were provided with irrigation and marketing facilities? Clarify.

15. बचाव एवं राहत कार्यों में 'आपदा किट' एक महत्वपूर्ण संसाधन है। स्पष्ट कीजिए। 3
'Disaster Kit' is a vital resource in rescue and relief operations. Clarify.

**अथवा / OR**

अग्नि तथा घरेलू विद्युत से सुरक्षा हेतु घरों में क्या प्रबन्ध किये जाने चाहिये?
What arrangements should be made in homes for safety from fire and domestic electricity?

16. सामुदायिक आपात योजना बनाने की आवश्यकता क्यों है? समझाइये। 3
Why is it necessary to create a community emergency plan? Explain.

17. ब्रिटेन में राष्ट्रवाद का इतिहास शेष यूरोप की तुलना में किस प्रकार भिन्न था? समझाइये। 4
How was the history of nationalism in Britain unlike the rest of Europe? Explain.

**अथवा / OR**

'राष्ट्रवाद की पहली स्पष्ट अभिव्यक्ति 1789 में फ्रांसीसी क्रांति के साथ हुई।' राष्ट्रवाद का अर्थ समझाते हुये इस कथन पर प्रकाश डालिये।
'The first clear expression of nationalism came with the French Revolution in 1789.' Explaining the meaning of nationalism, throw light on this statement.

18. भारत में सौर ऊर्जा का भविष्य उज्ज्वल है। क्यों? समझाइये। 4
Why do you think that solar energy has a bright future in India? Explain.

**अथवा / OR**

उद्योगों द्वारा पर्यावरण निम्नीकरण को कम करने के लिये उठाये गये विभिन्न उपायों की चर्चा कीजिये।
Discuss the steps to be taken to minimise environmental degradation by industry.

19. शासन के संघीय एवं एकात्मक स्वरूपों में क्या-क्या अन्तर हैं? उदाहरणों के माध्यम से स्पष्ट करिये। 4
What are the differences between federal form and unitary form of a government? Explain with examples.

**अथवा / OR**

सत्ता की साझेदारी क्यों आवश्यक है? समझाइये।
Why power sharing is desirable? Explain.

20. जीवन के उन विभिन्न पहलुओं का जिक्र करिये, जिनमें भारत में स्त्रियों के साथ भेदभाव होता है या वे कमजोर स्थिति में होती हैं। 4

Mention different aspects of life in which women are discriminated in India or disadvantaged in India.

21. धारणीयता का विषय विकास के लिए क्यों महत्वपूर्ण है? समझाइये। 4

Why is the issue of sustainability important for development? Explain.

22. गरीबों के लिये स्वयं सहायता समूहों के संगठनों के पीछे मूल विचार क्या है? अपने शब्दों में व्याख्या कीजिये। 4

What is the basic idea behind the SHGs for the poor? Explain in your own words.

**अथवा / OR**

गोपाल को एक छोटा व्यवसाय करने के लिये ऋण की जरुरत है। गोपाल किस आधार पर यह निश्चित करेगा कि उसे यह ऋण बैंक से लेना चाहिये या साहूकार से? चर्चा कीजिये।

Gopal needs a loan to set up a small business. On what basis will Gopal decide whither to borrow from the bank or the moneylender? Discuss.

23. निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यान पूर्वक पढ़कर इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिये-

Read the following passage carefully and answer the questions given below-

देश को एकजुट करने के लिए महात्मा गाँधी को नमक एक शक्तिशाली प्रतीक दिखायी दिया। 31 जनवरी 1930 को उन्होंने वायसराय इरविन को एक पत्र लिखा। इस पत्र में उन्होंने 11 माँगों का उल्लेख किया था। इनमें से कुछ सामान्य माँगें थी जबकि कुछ माँगें उद्योगपतियों से लेकर किसानों तक विभिन्न वर्गों से जुड़ी थी। गाँधीजी इन माँगों के जरिये समाज के सभी वर्गों को अपने साथ जोड़ना चाहते थे ताकि सभी उनके अभियान में शामिल हो सकें। इनमें सबसे महत्वपूर्ण माँग नमक कर को खत्म करने के बारे में थी। नमक का प्रयोग अमीर-गरीब सभी करते थे। यह भोजन का एक अभिन्न हिस्सा था। इसीलिए नमक पर कर और उसके उत्पादन पर सरकारी इजारेदारी को महात्मा गाँधी ने ब्रिटिश शासन का सबसे दमनकारी पहलू बताया।

Mahatma Gandhi found in salt a powerful symbol that could unite the nation. On 31 January 1930, he sent a letter to Viceroy Irwin stating 11 demands. Some of these were of general interest others were specific demands of different classes, from industrialists to peasants. The idea was to make the demands wide -ranging, so that all classes within Indian society could identify with them and everyone could be brought together in a united campaign. The most stirring of all was the demand to abolish the salt tax. Salt was something consumed by the rich and poor alike, and it was one of the most essential items of food. The tax on salt and the government monopoly over its production, Mahatma Gandhi declared revealed the most oppressive face of British rule.

(क) नमक कर क्या था? 1

What was the salt tax?

(ख) गाँधीजी द्वारा वायसराय को लिखे पत्र में उल्लिखित माँगों के पीछे क्या विचार था? 1

What was the idea behind the demands mentioned in Gandhiji's letter to Viceroy?

(ग) गाँधीजी ने नमक को राष्ट्र को एकजुट करने का एक शक्तिशाली प्रतीक क्यों माना? 2

Why did Gandhiji find salt to be a powerful symbol to unite the nation?

24. (अ) दिये गये भारत के राजनैतिक रेखा मानचित्र पर उन राज्यों की पहचान कर उनके नाम लिखिये, जहाँ निम्नलिखित घटनाएँ हुयी-

(क) 1928 में बारदोली सत्याग्रह 1

(ख) 1855 में देश की पहली जूट मिल की स्थापना 1

(A) On the given political outline map of India, locate and label the states where the following events happened-

(a) Bardoli Satyagraha in 1928

(b) Establishment of India's first Jute Mill in 1855

(ब) दिये गये भारत के इसी मानचित्र पर संकेतों की सहायता से निम्नलिखित को दर्शाइये और उन स्थानों के नाम भी लिखिये-

(ग) भिलाई लौह-इस्पात संयंत्र ▭ चिन्ह से 1

(घ) नरौरा आणविक ऊर्जा संयंत्र ⊙ चिन्ह से 1

(ङ) हैदराबाद सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क △ चिन्ह से 1

(च) सरदार सरोवर बाँध • चिन्ह से 1

(B) On the same given map of India, locate and label the following with help of symbols as marked against each-

(c) Bhilai Iron and Steel plant with the sign ▭

(d) Narora Atomic Power plant with the sign ⊙

(e) Hyderabad Software Technology Park with the sign △

(f) Sardar Sarovar Dam with the sign •

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 24 के स्थान पर है :**

**Note : The following question is for the Blind candidates only in lieu of question number 24 :**

(अ) उन राज्यों के नाम लिखिये, जहाँ निम्नलिखित घटनायें घटित हुई :

(क) 1928 में बारदोली सत्याग्रह 1

(ख) 1855 में देश की पहली जूट मिल की स्थापना 1

(A) Write the name of the States where the following events took place :

(a) Bardoli Satyagraha in 1928

(b) Establishment of India's first jute mill in 1855

(ब) उन राज्यों के नाम लिखिए, जहाँ निम्नलिखित स्थित हैं-

(ग) भिलाई लौह-इस्पात संयंत्र 1

(घ) नरौरा आणविक ऊर्जा संयंत्र 1

(ङ) हैदराबाद सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क 1

(च) सरदार सरोवर बाँध 1

(B) Write the name of States where the following are situated :

(c) Bhilai Iron and Steel Plant

(d) Narora Atomic Power Plant

(e) Hyderabad Software Technology Park

(f) Sardar Sarovar Dam

*****